# सुनने की जांच का संदर्भ

## मेरे बच्चे को दोबारा सुनने की जांच की आवश्यकता क्यों है?

कई बच्चों को दोबारा जांच की ज़रूरत पड़ती है। यह आवश्यक नहीं है कि आपके बच्चे को सुनने में कोई परेशानी हो, लेकिन यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप सभी निर्धारित फॉलो-अप अपॉइंटमेंट्स पर ज़रूर जाएँ।

हमेशा पहली जांच का सही होना संभव नहीं होता है। ऐसे कई कारक हैं जो सुनने की जांच में बाधा डाल सकते हैं। उदाहरण के लिए, कमरे में शोर, सक्रिय बच्चे, या प्रसव के बाद कान में मौजूद तरल पदार्थ या गंदगी।

सभी बच्चे जिन्हें नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (Neonatal Intensive Care Unit, NICU) में रखा गया था और जिन बच्चों की पहले ABR टेस्ट से जांच की गई थी, उन सभी की ABR टेस्ट से दोबारा जांच (जांच/दोबारा जांच) करना ज़रूरी होती है।

एक सप्ताह से एक महीने की उम्र के बीच बच्चे की दोबारा जांच करना सबसे अच्छा होता है। अस्पताल आपके लिए दोबारा जांच के लिए अपॉइंटमेंट बनाएगा। इस दौरान, कैलिफोर्निया के नवजात बच्चों के सुनने की जांच प्रोग्राम का हियरिंग समन्वय केंद्र (HCC) आपको और आपके बच्चे को आवश्यक सेवाएँ समय पर प्राप्त करने में सहायता के लिए उपलब्ध है।

## आपके बच्चे की दोबारा जांच के लिए अपॉइंटमेंट

**बच्चे का नाम:**______________________________________________

**अपॉइंटमेंट की तारीख:**______________________________**समय:**______________

**स्थान:**______________________________________________

**संपर्क नंबर:**______________________________________________

*अगर आपको अपनी अपॉइंटमेंट रद्द/पुनर्निर्धारित करनी हो तो कृपया कॉल करें।*

## दोबारा जांच अपॉइंटमेंट पर जाना महत्वपूर्ण है

दोबारा जांच आपके बच्चे की सुनने, बोलने और भाषा की प्रगति को देखने का पहला कदम है। सुनने की क्षमता में कमी अदृश्य हो सकती है। अब, प्रौद्योगिकी के माध्यम से नवजात बच्चे के जीवन के प्रारंभिक दिनों में ही सुनने की क्षमता के न होने का पता लगाना संभव हो गया है।

बच्चे के जीवन के शुरू के महीने और वर्ष संचार कौशल विकसित करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। जिस बच्चे को सुनने की क्षमता में कमी या बहरापन हो, उसे सामान्य भाषा कौशल विकसित करने में कठिनाई हो सकती है या वह स्कूल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकता है। यही कारण है कि इस कमी की शीघ्र पहचान करना और बच्चे और परिवार को विशेष सेवाएँ प्रदान करना महत्वपूर्ण है।

## मेरे बच्चे की सुनने की क्षमता की दोबारा जांच कैसे की जाएगी?

दोबारा जांच, आपके बच्चे की अस्पताल में की गई पहली जांच के समान ही होगी। जांच करने में केवल कुछ मिनट लगे, संभवतः तब जब आपका बच्चे सो रहा हो। विशेष रूप से बच्चों के लिए बनाए गए इयरफोन के जरिए मधुर ध्वनियाँ बजाई जाएंगी। ध्वनियों के प्रति आपके बच्चे की प्रतिक्रिया स्वचालित रूप से ओटोएकॉस्टिक एमिशन (Otoacoustic Emissions, OAE) या ऑडिटरी ब्रेनस्टेम रिस्पॉन्स (Auditory Brainstem Response, ABR) द्वारा मापी जाएगी।

## बच्चे की सुनने की क्षमता की दोबारा जांच के लिए आप क्या कर सकते हैं?

अगर आपका बच्चे परीक्षण के दौरान सो रहा हो तो यह सहायक होगा। आपके बच्चे को सुनने की दोबारा जांच के लिए तैयार करने में मदद करने के लिए कुछ सुझाव इस प्रकार हैं:

- कोशिश करें कि अपॉइंटमेंट से पहले आपके बच्चे को नींद न आए।
- परीक्षण से ठीक पहले अपने बच्चे को दूध पिलाने से उसे सोने में मदद मिल सकती है।
- एक कम्बल, अतिरिक्त डायपर, अतिरिक्त कपड़े और अगर इस्तेमाल किया हो तो अतिरिक्त फॉर्मूला साथ लाएँ।

## सुनने की दोबारा जांच का भुगतान कौन करता है?

बीमा आमतौर पर नवजात बच्चे की सुनने की जांच की लागत को कवर करता है। Medi-Cal योग्य बच्चों की जांच के लिए भुगतान करेगा।

## दोबारा जांच के बाद क्या होगा

आपको और आपके बच्चे के डॉक्टर या स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को सुनने की दोबारा-जांच के परिणाम दिए जाएंगे। यह संभावना है कि आपका बच्चे दोबारा जांच में सफल हो जाएगा। कुछ बच्चों को सुनने के एक पूरे मूल्यांकन से गुजरना होगा। अगर दोबारा जांच के समय यह निर्धारित हो जाता है कि आपके बच्चे को डायग्नॉस्टिक हियरिंग मूल्यांकन की आवश्यकता है, तो दोबारा जांच करने वाला व्यक्ति आपके लिए मूल्यांकन निर्धारित कर सकता है या आपको किसी अन्य प्रदाता के पास भेज सकता है।

यह ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि आपके बच्चे की भाषा और बोलने का विकास किस प्रकार होता है। इस ब्रोशर में "आयु के अनुसार सुनने और बोलने की अवस्थाएँ" जानकारी में कुछ ऐसी चीज़ें सूचीबद्ध की गई हैं जो अधिकांश बच्चे अलग-अलग आयु में करते हैं।

## आयु के अनुसार सुनने की और बोलने की अवस्थाएं

| आयु | सुनने और बोलने की अवस्थाएं |
|---|---|
| **जन्म से 3 महीने तक** | » परिचित आवाज़ों या ध्वनियों के प्रति शांत होना<br>» तेज आवाजों पर प्रतिक्रिया करना, बच्चे का चौंकना, पलकें झपकाना, दूध पीना बंद कर देना, रोना या जाग जाना।<br>» जागते समय हल्की आवाजें निकालता है, बच्चा गुर्राता है |
| **3 से 6 महीने** | » आवाज़ों, शोर मचाने वाले खिलौनों, कुत्ते के भौंकने की आवाज़ों की ओर आँखें या सिर घुमाता है<br>» "गा", "ऊह", "बा" और पी, बी, एम ध्वनियों जैसी आवाज़ें बोलना शुरू करता है<br>» आपकी आवाज़ के लहज़े में बदलाव पर प्रतिक्रिया करता है |
| **6 से 9 महीने** | » अपना नाम सुनकर प्रतिक्रिया करता है और पुकारे जाने पर देखता है<br>» सरल शब्दों को समझता है, "नहीं," "बाय-बाय", "जूस"<br>» बड़बड़ाता है, "दा दा दा," "मा मा मा," "बा बा बा" |
| **9 से 12 महीने** | » धीमी या तेज़ आवाज़ दोनों पर प्रतिक्रिया करता है<br>» एकल शब्दों को दोहराता है और जानवरों की आवाज़ों की नकल करता है<br>» पूछे जाने पर पसंदीदा खिलौनों या खाने की चीज़ों की ओर इशारा करता है |
| **12 से 18 महीने** | » 10 या अधिक शब्दों का उपयोग करता है<br>» सरल मौखिक निर्देशों का पालन करता है, "गेंद ले आओ"<br>» पूछे जाने पर लोगों, शरीर के अंगों या खिलौनों की ओर इशारा करता है<br>» संगीत पर उछलता है |

| आयु | सुनने और बोलने की अवस्थाएं |
|---|---|
| **18 से 24 महीने** | » 20 या अधिक शब्दों का उपयोग करता है<br>» दो या अधिक शब्दों का संयोजन, "और जूस," "वह क्या है?"<br>» शब्दों की शुरुआत में कई अलग-अलग व्यंजन ध्वनियों का उपयोग करता है, बी, जी, एम<br>» सरल कहानियाँ और गाने सुनता है |
| **2 से 3 वर्ष** | » 2-3 शब्दों के वाक्यों का उपयोग करता है<br>» 2 वर्ष की आयु में, लोग कुछ समय के लिए बच्चे की बात समझ पाते हैं (25%-50%)<br>» 3 वर्ष की आयु में, लोग अधिकतर समय समझ पाते हैं कि बच्चा क्या कह रहा है (50%-75%)<br>» दो-चरण वाले निर्देशों का पालन करता है, “गेंद लें और उसे टेबल पर रखें” |

*अगर आपको अपने नवजात बच्चे की सुनने की क्षमता के बारे में कोई चिंता है, तो बच्चे के डॉक्टर या स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें।*

कैलिफोर्निया के नवजात बच्चों में सुनने की क्षमता की स्क्रीनिंग प्रोग्राम का लक्ष्य सुनने की क्षमता में कमी वाले शिशुओं की पहचान करना और उन्हें छह माह की आयु तक सेवाओं से जोड़ना है। प्रोग्राम में हियरिंग समन्वय केंद्र हैं जो परिवारों, स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं और अस्पतालों के साथ मिलकर काम करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चों को आवश्यक सेवाएँ मिलें।

नवजात बच्चों में सुनने की क्षमता स्क्रीनिंग का प्रोग्राम स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता की धारा 124119 के अनुसार आपके शिशु की सुनने की जांचों के बारे में जानकारी एकत्र करता है। हियरिंग समन्वय केंद्र इस जानकारी का उपयोग आपको और आपके बच्चे को आवश्यक सेवाएँ प्राप्त करने में सहायता के लिए कर सकते हैं। यह संभव है कि हियरिंग समन्वय केंद्र आपसे फॉलो-अप सेवाओं के बारे में संपर्क करे।

**अधिक जानकारी के लिए:**

- टोल फ्री नंबर 1-877-388-5301 पर कॉल करें
- या हमारी वेबसाइट www.dhcs.ca.gov/services/nhsp पर जाएँ